भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 5163

जिसका उत्तर 24 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

कोयला उत्पादन

5163. श्रीमती रेखा वर्माः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विश्व में कोयला भंडार के संदर्भ में भारत का कौन–सा रैंक है;

(ख) अनुमानित कोयला भंडार कितना है तथा इनसे राज्य–वार कितना कोयला निकाला गया है;

(ग) क्या अधिकतर कोयला भंडार पूर्वी राज्यों में हैं तथा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में रानीगंज कोल फील्ड में उत्तम गुणवत्ता वाले कोयले के बड़े कोयला भंडार हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने देश में मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को भरने के लिए कोयला उत्पादन बढ़ाने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : विश्व में कोयला भंडार के संदर्भ में भारत पांचवे स्थान पर है।

(ख) और (ग): दिनांक 01 अप्रैल, 2018 की स्थिति के अनुसार राज्य-वार कोयला भंडारों का ब्यौरा **अनुबंध-क** में दिया गया है। वर्ष 2016-17 से 2018-19 के पिछले तीन वर्षों के लिए राज्यवार कोयले की निकासी/उत्पादन का ब्यौरा(अनंतिम) **अनुबंध-ख** में दिया गया है।

(घ): कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और प्रशासनिक मंत्रालय (कोयला मंत्रालय) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया जाता है जिसमें कोयले के उत्पादन को एक मानदंड के रुप में इस प्रकार रखा जाता है जिससे चालू वर्ष का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में सकारात्मक वृद्धि के साथ रखा जाए। चालू वर्ष के दौरान सहमत कोयला उत्पादन लक्ष्य 660 मिलियन टन (मि.ट.) है जो पिछले वर्ष के लगभग 607 मि.ट. के वास्तविक उत्पादन से लगभग 53 मि.ट. अधिक है।

एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) और प्रशासनिक मंत्रालय (कोयला मंत्रालय) के बीच भी एमओयू किया जाता है जिसमें चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कोयला उत्पादन के संबंध में कोई मानदंड नहीं है।

****

अनुबंध-क

01 अप्रैल, 2018 की स्थिति के अनुसार भारत में भू-गर्भीय संसाधनों की राज्यवार सूची:-

(मात्रा मिलियन टन में)

राज्य	संसाधन			
	प्रमाणित	निर्दिष्ट	अनुमानित	कुल
गोंडवाना कोलफील्ड्स:				
असम	0.00	14.49	0.00	14.49
आंध्र प्रदेश	0.00	1149.05	431.65	1580.7
झारखण्ड	45563. 36	31438.52	6149.8	83151.68
बिहार	161.11	813.49	392.15	1366.75
मध्य प्रदेश	11958.28	12153.95	3874.67	27986.9
छत्तीसगढ	20427.71	34576.26	2201.9	57205.87
महाराष्ट्र	7177.55	3073.55	2048.14	12299.24
ओडिशा	37391.1	34164.54	7739.16	79294.8
सिक्किम	0.00	58.25	42 .98	101.23
उत्तर प्रदेश	884.04	177.76	0.00	1061.8
तेलंगाना	10474.9	8576.13	2650.92	21701.95
पश्चिम बंगाल	14155.57	12868.81	4642.86	31667.24
गोंडवाना	**148193.62**	**139064.8**	**30174.23**	**317432.65**
टेरशियरी कोलफील्ड्स:				
अरुणाचल प्रदेश	31.23	40.11	18.89	90.23
असम	464.78	42.72	3.02	510.52
मेघालय	89.04	16.51	470.93	576.48
नागालैंड	8.76	0	401.69	410.45
टेरशियरी कोलफील्ड्स	593.81	99.34	894.53	1587.68
भारत	**148787.43**	**139164.14**	**31068.76**	**319020.33**

असम का सिंगरिमारी कोलफील्ड (नॉन-कोकिंग) गोंडवाना कोलफील्ड में शामिल है, इसे टेरशियरी कोलफील्ड नहीं माना गया है।

स्रोत: भारतीय भू-गर्भीय सर्वेक्षण

अनुबंध-ख

वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक के दौरान कच्चे कोयले का राज्यवार उत्पादन

(मात्रा मिलियन टन में)

राज्य	2016-17	2017-18	2018-19*
तेलंगाना	61.336	62.010	65.159
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
छत्तीसगढ़	138.525	142.546	161.837
जम्मू और कश्मीर	0.010	0.014	0.012
झारखण्ड	126.435	123.297	134.829
महाराष्ट्र	40.559	42.219	49.82
मेघालय	2.308	1.529	1.529
मध्य प्रदेश	105.013	112.127	118.679
ओडिशा	139.359	143.328	144.152
पश्चिम बंगाल	27.667	29.24	33.262
उत्तर प्रदेश	16.056	18.309	20.287
असम	0.600	0.781	0.783
अखिल भारत	**657.868**	**675.400**	**730.349**

* वर्ष 2018-19 के लिए उत्पादन आंकड़े अनंतिम हैं।